11 December 2022

“रिफ्रेशर कोर्स इन ज्योग्रफी”पुनश्चर्या कार्यक्रम संपन्न

भूगोल विभाग एवं यू०जी०सी०-एच०आर०डी०सी० इलाहाबाद विश्वविद्यालय के तत्वाधान में 14 दिवसीय “रिफ्रेशर कोर्स इन ज्योग्रफी” का समापन सत्र 11 दिसंबर 2022 को हुआ। इस मौके पर उत्तरी-पूर्वी स्पेस एप्लीकेशन सेंटर के निदेशक डॉ एस०पी० अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा की “भूगोल एक ऐसा विषय है जिसमें तकनीकी का समावेश करके हम संभावनाओं को तलाश कर सकते हैं। आज देश ही नहीं बल्कि पूरे विश्व को खाद्य सुरक्षा, पर्यावरण सुरक्षा, जल संसाधन प्रबंधन, मृदा संसाधन प्रबंधन, वन संसाधन प्रबंधन, नगरी नियोजन, ग्रामीण योजना, कृषि नियोजन, सभी क्षेत्रों में उपग्रह से आंकड़ों और भौगोलिक सूचना प्रणाली का उपयोग करके दुर्लभ क्षेत्रों से भी संभावनाओं का तलाश करना, उनका मानचित्रण करना और पर्यावरण की संवेदनशीलता को समझना ही भूगोलवेत्ता का एकमात्र उद्देश्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आप सभी लोग इस यू०जी०सी०रिफ्रेशर कोर्स में बहुत सारे विद्वानों के व्याख्यान से लाभान्वित हुए होंगे। आपको इस समूचे ज्ञान को आने वाली पीढ़ियों को देना होगा एवं नई पीढ़ी को तकनीकी से परिचित करवाना होगा तभी भारत दुनिया में अपना परचम लहरा सकता है।”इस मौके पर विभागाध्यक्ष प्रोफ़ेसर अनुपम पांडे ने भारत के प्रसिद्ध अंतरिक्ष वैज्ञानिक डॉक्टर एस०पी० अग्रवाल का स्वागत किया और उनकी उपलब्धियों से परिचित करवाया। इस मौके पर यू०जी०सी०-एच०आर०डी०सी० के निदेशक प्रोफेसर आशीष सक्सेना ने भूगोल की प्रासंगिकता एवं रुझान के साथ-साथ देश के विकास में भूगोल के विद्वानों की भूमिका के बारे में विस्तार से व्याख्यान दिया। इस कार्यक्रम के समन्वयक प्रोफेसर ए० आर०सिद्दिकी ने रिफ्रेशर कोर्स में हुए व्याख्यानों का ब्यौरा दिया और भूगोल विभाग के डॉक्टर अश्वजीतचौधरी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।